# राजकीय महाविद्यालय सराज
# (लम्बाथाच)
## जिला मण्डी (हि. प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन (2023-24)

## 14 वाँ
## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## 22 मार्च, 2024

**मुख्यातिथि:**
**श्री ललित कुमार पोसवाल**
(उप-मंडलाधिकारी, थुनाग)

प्रस्तुति:
प्रो. जया कुमारी
प्राचार्या

# अनुक्रमणिका


| क्र. संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्वागत संबोधन | 1 |
| 2 | वर्गानुसार छात्र संख्या | 2 |
| 3 | वार्षिक परीक्षा परिणाम | 2 |
| 4 | छात्रवृतियां | 3 |
| 5 | मेधावी छात्र पुरस्कार | 3 |
| 6 | स्टॉफ सदस्यों का विवरण | 3 |
| 7 | पद ग्रहण | 4 |
| 8 | स्थानान्तरण | 4 |
| 9 | सेवानिवृतियाँ | 5 |
| 10 | रिक्तियां एवं नियुक्तियां | 5 |
| 11 | अध्यापक अभिवावक संघ | 6 |
| 12 | पुस्तकालय | 6 |
| 13 | पत्रिका | 7 |
| 14 | शिक्षणेत्तर गतिविधियां | 7 |
| 15 | कौशल संवर्धन कार्यक्रम | 8 |
| 16 | क्लब एंड सोसाइटीज | 8 |
| 17 | वार्षिक सांस्कृतिक समारोह | 10 |
| 18 | शैक्षणिक भ्रमण | 11 |
| 19 | खेल कूद प्रतियोगिता | 11 |
| 20 | शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां | 12 |
| 21 | आवश्कताएं एवं अपेक्षाएं | 13 |
| 22 | आभार | 13 |

# स्वागत सम्बोधन

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के गरिमामयी चौदहवें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि, श्री. ललित कुमार पोसवाल जी, उप-मंडलाधिकारी थुनाग, उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, अभिभावक -शिक्षक संघ, पूर्व छात्र संघ, केन्द्रीय छात्र परिषद्, मीडिया प्रभारी एवं प्यारे विद्यार्थियों, आप सभी का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ, स्वागत करती हूँ|

इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर, हम सभी गर्व का अनुभव कर रहे हैं कि कर्मठ और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व वाले श्री ललित कुमार पोसवाल हमारे बीच हैं | महोदय, आपने हमारे विनम्र अनुरोध पर महाविद्यालय पधार कर हमें गौरवान्वित किया है जिसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं|

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समारोह एक ऐसा स्वर्ण अवसर है जिसमें होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाता है | अन्य छात्रों के लिए भी यह एक प्रेरणात्मक अनुभव होता है | आप जैसे एक गम्भीर विचारक एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी स्वयं को सौभाग्यशाली समझेंगे | एक बार फिर महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ|

मान्यवर, सन 2007 को इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ था I महाविद्यालय के इस क्षेत्र में खुलने से यहाँ के स्थानीय बच्चों को विशेष लाभ हुआ है | मान्यवर इस महाविद्यालय में जुलाई 2016 से वाणिज्य की कक्षाएं तथा 2018 में विज्ञान संकाय की कक्षाएँ शुरू हुई है | वर्तमान में यह संख्या **502** तक पहुँच चुकी है | जिसमें कला संकाय में **471** छात्र, वाणिज्य विषय में **10** छात्र और विज्ञान संकाय में **21** छात्र पंजीकृत हैं | इस महाविद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं | इसके साथ साथ इस महाविद्यालय ने अपनी प्रारंभिक अवस्था में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं |

लंबाथाच-सराज का खूबसूरत पहाड़ी इलाका 2150 मीटर की ऊंचाई पर भाखली और चेतली नदियों के संगम पर स्थित है। यह प्रसिद्ध शिकारी देवी मंदिर से लगभग 25 किमी दूर है, जो पौराणिक कथाओं के अनुसार पांडवों के समय से अस्तित्व में माना जाता है। इसके अलावा, महाविद्यालय के सभी प्रमुख पोषक क्षेत्रों यानी जंजैहली, चिउनी, बागा-चनौगी, थुनाग, बगस्याड आदि से सुलभ है। महाविद्यालय को 2021 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा "उत्कृष्ट महाविद्यालय" के रूप में भी चयनित किया गया है। कॉलेज को NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) ग्रेड प्रणाली द्वारा मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय स्थानीय लोगों के बीच वैश्विक जागरूकता लाने में सफल रहा है। यह उन्हें गांव के अनूठे सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश पर विचार कर नवप्रवर्तन के लिए प्रेरित करता है। महाविद्यालय मानविकी, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में 15 कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसके अलावा, महाविद्यालय का लक्ष्य छात्रों को खेल, संस्कृति, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स एंड रेंजर्स, इको क्लब, रेड रिबन क्लब और रोड सेफ्टी क्लब की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करके उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है।

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ|

## वर्गानुसार छात्र संख्या

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या इस सत्र में 102 हो गयी है | महाविद्यालय में न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का प्रयास किया है | इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में **502** छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया | इनमे **332** छात्राएं तथा **170** छात्र हैं | जिनका विवरण निम्नलिखित है :

| कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित वर्ग | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| **बी० ए० प्रथम वर्ष** | 64 | 35 | 99 | 36 | 34 | 70 | 4 | 2 | 6 | 104 | 71 | 175 |
| **बी.कॉम. प्रथम वर्ष** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **बी.एस.सी प्रथम वर्ष** | 2 | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 4 |
| **बी० ए० द्वितीय वर्ष** | 67 | 29 | 96 | 40 | 25 | 65 | 5 | 5 | 10 | 112 | 59 | 171 |
| **बी.कॉम. द्वितीय वर्ष** | 2 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| **बी.एस.सी द्वितीय वर्ष** | 6 | 3 | 9 | 3 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 9 | 4 | 13 |
| **बी० ए० तृतीय वर्ष** | 56 | 13 | 69 | 38 | 11 | 49 | 3 | 4 | 7 | 97 | 28 | 125 |
| **बी.कॉम. तृतीय वर्ष** | 0 | 3 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| **बी.एस.सी तृतीय वर्ष** | 2 | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 3 | 1 | 4 |
| **कुल** | **199** | **86** | **285** | **121** | **72** | **193** | **12** | **12** | **24** | **332** | **170** | **502** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का बेहतर रहना अनिवार्य होता है I वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है I राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है I इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था I इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमें छात्रों को उत्तीर्ण- अनुतीर्ण करके परिणाम दिया गया I सत्र 2022-23 में बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी प्रथम, बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी द्वितीय और बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे परीक्षा का परिणाम निम्नवत रहा :

| कक्षा | कुल | | | उतीर्ण | | | अनुपूरक | | | अनुतीर्ण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं |
| **बी० ए० प्रथम वर्ष** | 192 | 64 | 128 | 113 | 38 | 75 | 47 | 13 | 34 | 32 | 13 | 19 |
| **बी.कॉम. प्रथम वर्ष** | 4 | 3 | 1 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| **बी.एस.सी प्रथम वर्ष** | | | | | | | | | | | | |
| **बी० ए० द्वितीय वर्ष** | 92 | 25 | 67 | 61 | 13 | 34 | 30 | 11 | 19 | 1 | 1 | 0 |
| **बी.कॉम. द्वितीय वर्ष** | 4 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **बी.एस.सी द्वितीय वर्ष** | | | | | | | | | | | | |
| **बी० ए० तृतीय वर्ष** | 86 | 31 | 55 | 81 | 26 | 55 | 2 | 2 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| **बी.कॉम. तृतीय वर्ष** | 8 | 3 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 1 | 3 | 1 | 1 | 0 |
| **बी.एस.सी तृतीय वर्ष** | | | | | | | | | | | | |

## छात्रवृतियां

महाविद्यालय में छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी है, जो अधिकांश छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह छात्रों को शैक्षिक खर्चों को संभालने में मदद करती है और उन्हें अध्ययन के प्रति अधिक समर्थ बनाती है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष में महाविद्यालय के 58 छात्रों ने आवेदन किया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| वर्ग | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| **अनुसूचित जाति (SC)** | 0 | 0 | 0 | 23 | 7 | 30 | 0 | 0 | 0 | 23 | 7 | 30 |
| **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 |
| **कल्पना चावला छात्रवृति** | 4 | 0 | 4 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 6 |
| **केन्द्रीय छात्रवृति योजना** | 3 | 6 | 9 | 7 | 0 | 7 | 1 | 0 | 1 | 11 | 6 | 17 |
| **एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP)** | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| **कुल** | **8** | **6** | **14** | **32** | **7** | **39** | **4** | **1** | **5** | **44** | **14** | **58** |

## मेधावी छात्र पुरस्कार

सत्र 2021-22 में महाविद्यालय के 10 छात्रों ने स्नातक की परीक्षा में अव्वल रहने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार की और से मेधावी छात्र पुरस्कार के अंतर्गत टैब देकर सम्मानित किया गया। उनका विवरण निम्नलिखित है::

| क्र. सं. | छात्रों का नाम | पिता का नाम | संकाय | ग्रेड पॉइंट | विश्विद्यालय स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| ❖ | दुर्गा देवी | श्री हेत राम | कला संकाय | 9.5 | 27 |
| ❖ | विनोद कुमार | श्री गोपाल सिंह | कला संकाय | 9.42 | 32 |
| ❖ | बबली देवी | श्री रोशन लाल | कला संकाय | 9.27 | 44 |
| ❖ | रोहित | श्री देवी सिंह | कला संकाय | 9.18 | 52 |
| ❖ | पार्वती कुमारी | श्री कन्हिया लाल | कला संकाय | 9.02 | 68 |
| ❖ | नीलम कुमारी | श्री आत्मा राम | कला संकाय | 8.85 | 85 |
| ❖ | लीना | श्री हेम राज | कला संकाय | 8.84 | 86 |
| ❖ | सावित्री देवी | श्री रमेश चंद | कला संकाय | 8.83 | 87 |
| ❖ | रीना देवी | श्री गोपाल सिंह | वाणिज्य संकाय | 8.54 | 87 |
| ❖ | वंदना कुमारी | श्री गुलाब सिंह | वाणिज्य संकाय | 8.51 | 90 |

## स्टाफ सदस्यों का विवरण

**शिक्षण स्टॉफ:**

| ❖ | **प्रो. जया कुमारी (कार्यवाहक प्राचार्या)** | **सह आचार्या (इतिहास )** |
|---|---|---|
| ❖ | प्रो. रमेश चंद कटारिया | सह आचार्य (जन्तु विज्ञान) |
| ❖ | डॉ. दलीप सिंह | सहायक आचार्य (भौतिक विज्ञान) |
| ❖ | प्रो. कुशाल सिंह | सहायक आचार्य (हिंदी) |
| ❖ | प्रो. ओंकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान ) |
| ❖ | प्रो. बोध राज | सहायक आचार्य (वाणिज्य) |
| ❖ | प्रो. अमिता | सहायक आचार्या (अर्थशास्त्र) |
| ❖ | प्रो. नवल किशोर | सहायक आचार्य (संस्कृत ) |
| ❖ | प्रो. यामिनी शर्मा | सहायक आचार्या (समाजशास्त्र ) |
| ❖ | डॉ. एल्लू राम | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान ) |

**गैर-शिक्षण स्टॉफ :**

| | | |
|---|---|---|
| ❖ | **श्री सीता राम** | **अधीक्षक ग्रेड - II** |
| ❖ | श्री जगदीश कुमार | वरिष्ठ कार्यालय सहायक |
| ❖ | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक |
| ❖ | श्री मणी चंद | लिपिक |
| ❖ | श्रीमती धर्मी देवी | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ❖ | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ❖ | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| ❖ | श्री देवकी नंदन | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| ❖ | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्रीमती कलावत्ती | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री जय सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्रीमती शाकुंतला देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री दुनी चंद | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री लाल सिंह | सेवादार |
| ❖ | श्री हेम राज | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती हिमा देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती लीला देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती तारा देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती मीरा देवी | सेवादार |
| **पी० टी० ए० स्टाफ :** | | |
| ❖ | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर |

## पदग्रहण

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

- श्रीमती कलावत्ती, प्रयोगशाला परिचर रा०व०मा०पा० भामला जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 12 मई, 2023 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया।
- प्रो. नवल किशोर, सहायक आचार्य संस्कृत के पद पर 07 जुलाई, 2023 इस संस्थान में नियुक्त हुए।
- प्रो. अमिता, सहायक आचार्या अर्थशास्त्र के पद पर 07 जुलाई, 2023 इस संस्थान में नियुक्त हुई।
- प्रो. यामिनी शर्मा, सहायक आचार्या समाजशास्त्र के पद पर 08 जुलाई, 2023 इस संस्थान में नियुक्त हुई।
- श्रीमती लीला देवी, सेवादार रा०व०मा०पा० थुनाग जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 09 नवम्बर, 2023 को सेवादार का पद ग्रहण किया।
- डॉ. एल्लू राम, सहायक आचार्य वनस्पति विज्ञान के पद पर 10 नवम्बर, 2023 इस संस्थान में नियुक्त हुए।
- श्री जगदीश कुमार, वरिष्ठ सहायक रा०व०मा०पा० थुनाग जिला मंडी से कनिष्ठ सहायक के पद से पदोन्नत होकर 12 जनवरी, 2024 को वरिष्ठ सहायक का पद ग्रहण किया।
- श्रीमती धर्मी देवी, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष रा०व०मा०पा० चैलचौक जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 16 जनवरी, 2024 को पद ग्रहण किया।

## सेवानिवृतियां

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष में निम्नलिखित सदस्य सेवानिवृत हुए:

- डॉ सुरेंदर कुमार, सहायक आचार्य संगीत (गायन) के पद से सरकारी सेवाओं से 30 जून, 2023 को सेवानिवृत्त हुए |
- श्री जोगिन्दर सिंह, अधीक्षक श्रेणी-I के पद से सरकारी सेवाओं से 30 नवम्बर, 2023 को सेवानिवृत्त हुए।

## स्थानान्तरण

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है I इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :

- प्रो. अनुपमा शर्मा सहायक आचार्या अंग्रेज़ी का स्थानांतरण 04 अप्रैल, 2023 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।
- श्री ठाकुर दास, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 17 अप्रैल, 2023 को रा० व0 मा0 पा0 घनीयार तहसील बालीचौकी जिला मंडी को हुआ।
- डॉ० कुलभूषण शर्मा, सहायक आचार्य अंग्रेजी का स्थानांतरण 03 जुलाई, 2023 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।
- प्रो. विवेक कपूर, सहायक आचार्य गणित का स्थानांतरण 01 अगस्त, 2023 को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी, जिला मंडी को हुआ।
- डॉ० रविन्द्र कुमार, सहायक आचार्य शारीरिक शिक्षा का स्थानांतरण 01 सितम्बर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय बासा स्थित गोहर, जिला मंडी को हुआ।
- डॉ० ख्याल चंद, सहायक आचार्य भूगोल का स्थानांतरण 05 अक्टूबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय संजौली, जिला शिमला को हुआ।
- श्रीमती बालू देवी, सेवादार का स्थानांतरण 09 नवम्बर, 2023 को रा०व0मा0पा0 थुनाग जिला मंडी को हुआ।

## रिक्तियां एवम नियुक्तियाँ

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं I इन में से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद बाणिज्य विभाग के लिए सृजित है I इन 18 पदों में से केवल 09 पद भरे गए हैं, शेष 8 पद रिक्त हैं I गैर शिक्षक पदों में 27 पद सृजित हैं जिनमे से 19 पद भरे गए हैं और 08 पद रिक्त हैं I महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र० स०** | **विषय** | **स्वीकृत पद** | **नियमित** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | प्राचार्य | 1 | - | 1 |

**शिक्षक वर्ग :**

| **क्र० स०** | **विषय** | **स्वीकृत पद** | **नियमित** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | अंग्रेजी | 2 | - | 2 |
| ❖ | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | इतिहास | 1 | 1 | - |
| ❖ | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | भूगोल | 1 | - | 1 |
| ❖ | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| ❖ | संस्कृत | 1 | 1 | - |
| ❖ | समाजशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | शारीरिक शिक्षा | 1 | - | 1 |
| ❖ | संगीत | 1 | - | 1 |
| ❖ | वाणिज्य | 2 | 1 | 1 |
| ❖ | रसायन विज्ञान | 1 | - | 1 |
| ❖ | वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ❖ | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ❖ | गणित | 1 | - | 1 |
| ❖ | भौतिक विज्ञान | 1 | 1 | - |
| **कुल** | | **18** | **10** | **08** |

**गैर शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | अधीक्षक ग्रेड –I | 1 | - | 1 |
| ❖ | अधीक्षक ग्रेड –II | 1 | 1 | - |
| ❖ | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | - |
| ❖ | लिपिक | 3 | 2 | 1 |
| ❖ | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| ❖ | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 2 | 2 | - |
| ❖ | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| ❖ | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| ❖ | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | 1 | 1 |
| ❖ | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |
| ❖ | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| ❖ | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| ❖ | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| ❖ | सेवादार | 6 | 6 | - |
| **कुल** | | **27** | **19** | **08** |

## अध्यापक-अभिभावक संघ

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है I इस सन्दर्भ में 04 सितम्बर, 2023 को प्राचार्या महोदया की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया I पी० टी० ए० कार्यकारिणी के माध्यम से महाविद्यालय में अनेक छात्र छात्राओं कि सुविधा के लिए कार्यकारिणी का अविस्मरणीय योगदान रहा I इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन सर्वसहमति से किया गया :

| **मुख्य सलाहकार** | **श्री भीम सिंह कालिया** |
|---|---|
| ***अध्यक्ष*** | श्री रंजीत सिंह |
| ***उपाध्यक्ष*** | श्री चंद्रमणि |
| ***सचिव*** | प्रो. बोध राज |
| ***सह-सचिव*** | श्री मति गीता देवी |
| ***कोषाध्यक्ष*** | श्री राजेंद्र कुमार |
| ***AUDIT समिति*** | प्रो० अमिता |
| ***सदस्य*** | अभिभावक सदस्य गीता देवी, श्री भीमे राम, श्रीमती धनेसरी देवी एवम स्टाफ सदस्यों में प्रो ओंकार शरण वरेश्वर सिंह प्रो यामिनी शर्मा को चुना गया। (अभिवावक सदस्य )श्री निर्मल , श्री महेंदर और श्रीमती भामा शर्मा जी को चुना गया I |

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में दैनिक समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है I छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों की जानकारी के लिए मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", "योजना मासिक पत्रिका", "डाउन टू अर्थ" और "Competition Success Review" कुरुक्षेत्र, भाषा, खेल प्रतियोगिता दर्पण, विज्ञान प्रगति, विज्ञान की दुनिया पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है I

## पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "**सराजिका**" विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है। जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है। इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2023-24 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक:** प्रो. कुशाल सिंह

- अंग्रेजी अनुभाग आचार्या संपादक: प्रो. यामिनी शर्मा
- हिन्दी अनुभाग आचार्य संपादक: प्रो. कुशाल सिंह
- संस्कृत अनुभाग आचार्य संपादक प्रो. नवल किशोर
- पहाड़ी अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० एल्लू राम
- योजना एवं वाणिज्य अनुभाग आचार्य संपादक: प्रो. बोध राज
- विज्ञान अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० दलीप सिंह
- योजना अनुभाग आचार्या संपादक प्रो. अमिता

**संपादक मंडल :**

| क्रम | उप-संपादक | कक्षा | अनुभाग |
|---|---|---|---|
| ❖ | कोमल राज ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष | अंग्रेजी |
| ❖ | बनिता कुमारी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | हिन्दी |
| ❖ | ज्योति | कला स्नातक तृतीय वर्ष | संस्कृत |
| ❖ | लील लता | कला स्नातक तृतीय वर्ष | पहाड़ी |
| ❖ | हर्षिता ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष | योजना |
| ❖ | लतेश कुमारी | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | विज्ञान |
| ❖ | बबीता कुमारी | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | वाणिज्य |

## शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ

### साहित्य परिषद् :

राजकीय महाविद्यालय सराज में विद्यार्थियों के सृजनात्मक दृष्टिकोण के विकास के लिए साहित्य परिषद् का गठन किया गया है, जिसमें हिंदी, संस्कृत व अंग्रेजी विषय के विद्यार्थी पंजीकृत है | इस परिषद् द्वारा इस सत्र में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :

### हिंदी पखवाड़े का आयोजन :

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 सितम्बर, 2023 से 20 सितम्बर 2023 तक प्रो. कुशाल सिंह के नेतृत्त्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर मुख्यातिथि रही। हिंदी दिवस पर निबंध लेखन, कहानी लेखन, नारा /साहित्य कथन लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठन और भाषण प्रतियोगिताएँ करवाई गई जिसमे महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। इसमें महाविद्यालय प्राचार्या ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।

## कौशल संवर्धन कार्यक्रम

वर्तमान सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज स्थित लंबाथाच में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कौशल विकास निगम (एचपीकेवीएन) की ओर से दो कौशल संवर्धन कार्यक्रम- "English, Employability and Entrepreneurship" और Murchindise सुचारू रूप से चलाये जा रहे हैं जिसमें स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

## क्लब एंड सोसाइटी

**एन .सी.सी. :**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 24 दिसंबर 2020 को 18 विद्यार्थियों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में कैडेट के रूप में भर्ती कर महाविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया था I वर्तमान सत्र में 27 कैडेट्स की भर्ती के साथ महाविद्यालय में तीनों वर्षों में कुल कैडेट्स की संख्या 54 हो गई है I प्रो. ओंकार शरण वरेश्वर सिंह की अध्यक्षता में महविद्यालय में एनसीसी बेहतरीन कार्य कर रही है I राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच की एनसीसी इकाई को समूचे हिमाचल प्रदेश में सर्वोत्तम एनसीसी इकाई के तौर पर वर्ष 2023-24 सत्र के लिए नामित किया गया है I सत्र 2023-24 के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर यामिनी ठाकुर के नेतृत्त्व में महाविद्यालय में निम्न्नवत कार्य किये गये :

- महाविद्यालय परिसर में बाढ़ से हुई क्षति के कारण फ़ैली गन्दगी को साफ़ करने के लिए 28 अगस्त 2023, 21 सितम्बर 2023, 27 सितम्बर 2023, 30 सितम्बर 2023 2 अक्टूबर 2023 को सफ़ाई अभियान चलाया गया I
- एनसीसी इकाई ने अंतर महाविद्यालय खो -खो (महिला) प्रतियोगिता में 9- से 13 अक्टूबर २०२३ तक सफल आयोजन में अपना सहयोग दिया I
- 17 अक्तूबर 2023 को 5 सदस्यों रक्त दान शिविर में भाग लिया I
- 21 अक्तूबर 2023 को मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत जंजेहली में भाग लिया I
- 25 नवम्बर 2023 NCC और सविधान दिवस का आयोजन किया गया I
- 27 कैडेट्स ने 28 नवम्बर, 2023 से 7 दिसम्बर 2023 तक CATC कैंप में भाग लिया |
- मानवधिकार दिवस में रंगोली, चित्रकला नारा लेखन कविता पाठ और भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया I
- 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस (थुनाग) में भाग लिया |
- एनसीसी कैडेट CDT यामिनी ठाकुर ने सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिवर में बेस्ट कैडेट और लीडर ऑफ़ दी कैंप चुनी गई | सार्जेंट अनिल कुमार फायरिंग में प्रथम , CPL दिव्या फायरिंग में प्रथम, CPL अभय और LCPL डिंपल प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान और CDT यामिनी ठाकुर और CPL अभय वाद विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया |
- एनसीसी इकाई के सदस्य SUO यामिनी ठाकुर CPL दिव्या CPLसपना ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

राजकीय महाविद्यालय सराज में वर्तमान में एनएसएस की 1 यूनिट है जिसमे 100 स्वयंसेवी काम कर रहे हैं | महाविद्यालय में सहायक आचार्य बोध राज एवम सहायक आचार्य यामिनी शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी है |

- एनएसएस ने बरसात के बाद कैंपस में हुई आपदा के बाद सव्यंसेवियों ने महविद्यालय में विभिन्न क्लब एवम सोसाइटीज के साथ मिलकर कैंपस में पड़ी गाद को हटाने में अगस्त महीने में सप्ताह भर सहयोग किया.
- महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एवम सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 25 सितंबर 2023 से 1 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया किया. स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि प्राचार्य जया कुमारी जी रही | जिसमे 50 स्वयंसेवियों से भाग लिया. स्वयंसेवियों ने एनएसएस कार्यकारी अधिकारी सहायक आचार्य बोध राज एवम सहायक आचार्य यामिनी शर्मा के नेतृत्त्व में कैंपस के बाहर एवम अंदर सफाई अभियान चलाया. शैक्षणिक सत्रों में SMS हॉर्टिकल्चर श्री संजय भारद्वाज SMS एग्रीकल्चर डॉक्टर मुंशी ठाकुर ADO श्री विजय चौहान, सब पंचायत इंस्पेक्टर श्री चुनी लाल ने सव्यमसेवियों को अपने

विभागो से संबंधित विभिन जानकारियों को साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर के मुख्यातिथि डॉक्टर कुलभूषण शर्मा सहायक आचार्य अंग्रेजी राजकीय महाविद्यालय करसोग रहे.

- सवच्छता ही सेवा के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अक्टूबर माह में महीने भर 2 घंटे का श्रमदान महाविद्यालय में दिया जो युवा मामले एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार की और से पूरे देश में एक पहल थी |
- NORTH ZONE PRE _RD कैंप में महाविद्यालय की स्वयंसेविका सुरभि कौंडल ने फतेहाबाद हरियाणा में भाग लिया
- राष्ट्रीय सेवा योजना के 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन 12 से 16 जनवरी 2024 को नासिक महाराष्ट्र में हुआ | इसमें स्वयंसेवी योग राज पुत्र श्री हंस राज ने भाग लिया जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है |
- स्टेट मेगा कैंप जो 18 से 12 दिसंबर 2024 को राजकीय महावियालय बंजार कुल्लू में मनाया गया गया जिसमे महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की स्वयंसेवी बनीता कुमारी सुपुत्री श्री टेक सिंह एवम योग राज बीए द्वितीय वर्ष सुपुत्र श्री हंस राज ने भाग लिया |
- महाविदयालय में 17 अक्टूबर 2023 को हुए रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया. जिसमे YOUVAH NGO संस्था एवम स्थानीय पंचायत का भी सहयोग रहा |
- मेरा देश मेरी माटी के बैनर तले भी महाविद्यालय के स्वयंसेवियों अन्य क्लब्स एवम सोसाइटीज ने भाग लिया |

## रोवर्ज एंड रेंजर्ज (ROVERS & RANGERS)

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स की इकाई गठित है। महाविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. नवल किशोर एवम सहायक आचार्या अमिता भारत स्काउट एंड गाइड कार्यक्रम अधिकारी है | सत्र 2023-2024 में 23छात्र रोवर्स व 27 छात्राएँ रेंजर्स में पंजीकृत हैं। सत्र 2023-2024 के लिए श्रेष्ठ रोवर्स टिंकुश ठाकुर बी.ए. प्रथम वर्ष और श्रेष्ठ रेंजर्स गीतांजलि बी.ए. तृतीय वर्ष को चयनित किया गया है। इस सत्र में निम्नलिखित गतिविधियां की गई है-

2023-2024 के लिए की चेष्टा एवं नरेश को CSCA सदस्य चुना गया है Pre.RDC कैंप के लिए 23 से 27 नवंबर 2023 तक छः रेंजर्स को महाविद्यालय की ओर से रिवालसर भेजा गया। जिसमें से दो रेंजर्स तेजा और गीतांजलि का चयन RD कैंप शिमला के लिए हुआ। 16 मार्च 2024 को NCC एवं NSS के साथ रोवर्स एंड रेंजर्स शैक्षणिक भ्रमण के लिए रिवालसर महाविद्यालय गए थे।

## रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club) :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया जिसमें वर्तमान में 40 छात्र –छात्रायें इसके सदस्य हैं I इस क्लब के नोडल अधिकारी प्रो रमेश चंद कटारिया हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है I इस क्लब द्वारा वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

इस कॉलेज के रेड रिबन क्लब की पीयर एजुकेटर लतेश कुमारी, पीयूषा कनिका और वेदिका भारती ने रेड रिबन क्लब के संयोजक रमेश कटारिया के साथ दिनांक 16/9/2023 को एड्स जागरूकता के संबंध में जोनल अस्पताल मंडी में एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम और एक्सपोज़र विजिट में भाग लिया।

राजकीय महाविद्यालय सिराज लंबाथाच में रेड रिबन क्लब ने विश्व एड्स जागरूकता दिवस के उपलक्ष में "Let Communities Lead"(समुदायों को नेतृत्व करने दें) थीम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं और रैली का आयोजन किया | जिसका उदेश्य एड्स से प्रभावित समुदायों को स्पोर्ट दिखाने और एड्स रोगियों को साहस दे कर नेतृत्व करने की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा प्रमुख वक्ता चिकित्सा अधिकारी जंजैहली डॉ हिम राज तथा विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य शिक्षिका पूजा एवं रीमा रहीं | इस दिवस पर भाषण व वाद- विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा रैली का आयोजन किया गया| इन प्रतियोगिताओं में रेड रिबन क्लब, एनएसएस, एनसीसी, रोवर एंड रेंजर्स एवं रोड सेफ्टी क्लब के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया |

## इको क्लब :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में इको क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है |

## रोड सेफ्टी क्लब:

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं | रोड सेफ्टी क्लब ने छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए 2023-24 सत्र के दौरान परिसर में कई गतिविधियों का आयोजन किया है। छात्रों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। सड़क पर होने वाली मौतों को रोकने और दीर्घायु को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्य के साथ, दुर्घटनाओं के दौरान दूसरों की सहायता करने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया था।

इस सत्र के दौरान, रोड सेफ्टी क्लब ने कॉलेज समुदाय के भीतर एक विशेष अभियान चलाया। जिसमे 20 नवंबर, 2023 को नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 छात्रों ने भाग लिया, 21 नवंबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसके बाद 22 नवंबर को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस क्लब द्वारा 5 मार्च को निबंध लेखन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयिजित की गई | 12 मार्च 2024 को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में जिंगल/एकल गीत एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोड सेफ्टी क्लब ने कॉलेज परिसर से लंबाथाच बाजार तक जागरूकता रैली निकाली।

## *Sensitisation, Prevention and Redressal of Sexual Harassment (SPARSH):*

SPARSH द्वारा 23 सितंबर 2023 को एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक करते हुए कार्यक्रम अध्यक्षा असिस्टेंट प्रोफ़ेसर अमिता ने Good Touch and bad touch विषय पर अपना वक्तव्य रखा। इस कार्यक्रम में डॉक्टर शिवानी शर्मा (AMO लंबाथाच आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी) सभी छात्राओं को पर्सनल हाइजीन के विषय में अवगत करवाया।

08 नवंबर 2023 को छात्राओं के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें TIENS NGO से श्रीमान् अमन ठाकुर ने छात्राओं को शारीरिक उत्पीड़न से संबंधित विषयों पर अपना वक्तव्य दिया।

SPARSH द्वारा मार्च 07, 2024 को एक विशेष "इंडक्शन कार्यक्रम" का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक करते हुए I इस कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष की थीम, "Invest in Women, Accelerate Progress" के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में संभाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता वाचन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

07 मार्च 2024 को महिला दिवस मनाया गया। जिसमें रंगोली, भाषण, कविता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग इत्यादि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव में पुरस्कार दिया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन :-

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में 17 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर जी की प्रेरणा से रेड रिबन क्लब,एनसीसी एनएसएस, रोवर्स एंड रेंजर्स एवम रोड सेफ्टी क्लब ने संयुक्त प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के आयोजन में न्यू लाइफ लाइन एनजीओ ने भी भूमिका निभाई तथा एनजीओ के करीब 10 सदस्यों और महाविद्यालय के 22 छात्रों व 11 स्टाफ सदस्यों के द्वारा रक्तदान किया गया। लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेर चौक से डॉक्टर शरब चोपाल ठाकुर के नेतृत्व में आयी टीम ने इस शिविर में इच्छुक विद्यार्थियों , शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों से रक्त का संग्रहण किया। महाविद्यालय में 43 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

## वार्षिक सांस्कृतिक समारोह

मार्च 21, 2024 को महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया | जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही | इसमें छात्रों ने एकल गीत, एकलनृत्य, समूह गान, पहाड़ी नाटी,युगल नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता,मेहन्दी प्रतियोगिता व फैंसी ड्रेस इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया |

## शैक्षणिक भ्रमण

राजकीय महाविद्यालय सराज के कला संकाय एवं एनसीसी एनएसएस एवं रोवर्स और रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के 38 विद्यार्थियों तथा 6 प्राध्यापकों के द्वारा 16 मार्च को राजकीय महाविद्यालय रिवालसर का दौरा किया गया।

रिवालसर महाविद्यालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय सराज के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के द्वारा अपने विचारों को सांझा किया गया। रिवालसर महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा एक लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया वहीं कुछ विद्यार्थियों के द्वारा रिवालसर के इतिहास से संबंधित जानकारी को सांझा किया गया। इस संयुक्त कार्यक्रम के पश्चात दोनों महाविद्यालयों के एनएसएस और रोवर्स और रेंजर्स की इकाइयों ने एक बैठक में भाग लिया और कैसे वे अपने-अपने महाविद्यालय में गतिविधियों में भाग लेते हैं उनके विचार सांझा किये। साथ ही एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा रिवालसर महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के साथ विचारों को सांझा किया गया।

17 मार्च को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रिवालसर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा, लोमश ऋषि मंदिर, बौद्ध मठ एवं चिड़ियाघर का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान साथ में गए प्राध्यापक वर्ग ने विद्यार्थियों को रिवालसर से संबंधित ऐतिहासिक, धार्मिक, भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिकी से संबंधित जानकारियों को सांझा किया।

## खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल छात्रों के विकास और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों में भाग लेने से शरीर के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के विकास में मदद, एक छात्र विभिन्न कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास प्राप्त करता है जो उनके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं।

**वार्षिक खेल-कूद संगम :**

महाविद्यालय में 07 नवम्बर 2023 को वार्षिक खेल- कूद संगम का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि प्राचार्या जया ठाकुर थीं | इस संगम में वॉलीबॉल, सौ मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, भाला फैंक, गोला फैंक और चक्का फैंक प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई | इन प्रतिस्पर्धाओं के आधार पर हितेन्द्र कुमार, बी.ए. द्वितीय वर्ष को पुरुष वर्ग और तिला, बी.ए. तृतीय वर्ष को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया |

**अंतर- महाविद्यालय खो–खो (पुरुष) प्रतियोगिता :**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन रा० महविद्यालय सुजानपुर टीहरा द्वारा किया गया । इस प्रतियोगिता में महविद्यालय की टीम ने भी भाग लिया ।

**अंतर- महाविद्यालय खो–खो (महिला) प्रतियोगिता :**

महाविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि श्री जगदीश रेड्डी और समापन समारोह के मुख्यातिथि श्री चेत राम ठाकुर थे | इस चैंपियनशिप में 21 टीमों ने भाग लिया | जिसमे महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल महाविद्यालय सुंदरनगर की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की टीम ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया |

## शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां

**प्रो जया कुमारी (सह आचार्या, इतिहास विभाग):**

- प्रो जया कुमारी (सह आचार्या, इतिहास विभाग) ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया :
  - ✓ रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय पर आयोजित 28 अगस्त 2023 से 03 सितम्बर 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से एक सप्ताह के (FDP) कार्यक्रम में भाग लिया। |
  - ✓ रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय पर आयोजित 3 अक्तूबर 2023 से 9 अक्तूबर 2023 तक एक सप्ताह के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए (FDP) कार्यक्रम में भाग लिया।
  - ✓ दिल्ली के रामानुजन कॉलेज विश्वविद्यालय से सार्थक अनुसंधान और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर 24 अक्टूबर 2023 से 30 अक्टूबर 2023 तक एक सप्ताह के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए (FDP) कार्यक्रम में भाग लिया |
  - ✓ एससीवीबी राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से अनुसंधान पद्धति उपकरण और तकनीकों पर 20 दिसंबर 2023 से 28 दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए (FDP) कार्यक्रम में भाग लिया। |
  - ✓ 1 से 4 अक्टूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पांगी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में "Dynamics and Spatial Pattern of Physiological Density" विषय पर अपनी प्रस्तुति दी |
  - ✓ 27- 28th अक्टूबर 2023 को ""Role of Tribal people in freedom movement : Global and Indian" विषय पर आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय सम्मेलन में भाग लिया |
  - ✓ 3 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में "National Conference on Biodiversity Loss and Climate Change Two faces of the same with paper presented "Pollution and Health" सम्मेलन में भाग लिया |
  - ✓ 3 दिसम्बर 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विषय "Adopting to climate variability in Agriculture, Economy and environment December, 29 2023 adopting lifestyle SCVB GC Palampur for climate resilience impact on health and well being" राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में भाग लिया |
  - ✓ 23-24 फरवरी , 2024 को वल्लभ महाविद्यालय मण्डी में "Natural Sources"विषय पर पेपर प्रस्तुत किया |
  - ✓ 23-24 फरवरी , 2024 को वल्लभ महाविद्यालय मण्डी में "Religions Tourisum" विषय पर पेपर प्रस्तुत किया |

**प्रो रमेश चंद कटारिया (सह आचार्य, जंतु विभाग):**

- प्रो रमेश चंद कटारिया सह आचार्य जंतु विज्ञान ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विषय पर आयोजित एक सप्ताह के (FDP) संकाय विकास कार्यक्रम में 19 से 24 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया |

**प्रो कुशाल सिंह (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग):**

- श्री कुशाल सिंह ने 02 जनवरी से 10 जनवरी 2024 तक IOT अकादमी तमिलनाडु से NAAC Institutional Accrdiation विषय पर सात दिवसीय FDP online कोर्स में भाग लिया I

**प्रो बोध राज (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

- प्रो. बोध राज (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग) ने एससीवीबी राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से अनुसंधान पद्धति उपकरण और तकनीकों पर 20 दिसंबर 2023 से 28 दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए (FDP) कार्यक्रम में भाग लिया। |

**डॉ. ऐलू राम (सहायक आचार्य, वनस्पति विभाग):**

- डॉ. ऐलू राम ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से 2014 से 2022 तक पी०एच०डी० पूर्ण की तथा 2023 में पी०एच०डी० डिग्री से नवाजा गया I
- तीन खोज पत्र निमंलिखित पत्रिका में प्रकाशित किये गये -
  - ✓ एंटीऑक्सीडेंट, एंटीप्रोलिफेरेटिव और एपोप्टॉप्सिस प्रेरण क्षमता का विश्लेषण करके पॉलीपोर मशरूम फेलिनस फास्टुओसस का वाष्पीकरण। अपशिष्ट और बायोमास वेलराइजेशन पत्रिका में प्रकाशन किया I
  - ✓ भारत में जीनस सेरिपोरिया डोन्क की विविधता को कवक पत्रिका में प्रकाशित किया गया।
  - ✓ भारत से पॉलीपोरॉइड कवक (एगरिकोमाइसेट्स: बेसिडिओमाइकोटा) के नए वितरण रिकॉर्ड। जर्नल ऑफ़ थ्रेटेंड टैक्सा पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

**प्रो यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र विभाग):**

- प्रो यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र विभाग ने निमंलिखित पेपर प्रकाशित किए:
  - ✓ UGC CARE listed journal- Kalakalpa Journal of IGNCA Paper title: Understanding the Swangla lifeworld through a study of the Triloknath temple of Lahaul, Himachal Pradesh In Guru Purnima Edition, August, 2023.
  - ✓ Publication in UGC CARE listed journal: Inclusive Journal
    Paper title: Snow Festival in Jahalman, Himachal: Experiencing the State and Identity through Performing Indigeneity In vol. II no 23, July, 2023.
  - ✓ Publication in Peer-review journal (International- under Heidelberg Asian Studies Publishing [HASP])
    Nidan: Journal of Indian Studies
    Paper title: "When in Rome do as Romans do": Experiencing Kullu as a Swangla Migrant
    Vol. 8(1), August, 2023.

- प्रो यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र विभाग ने डॉ. भीम राव आंबेडकर विश्विद्यालय दिल्ली से 2 फरवरी 2024 को "Everyday life as a "Scheduled tribe": A study of the Swanglas of Himachal Pradesh" शोध विषय पर अपनी विद्या वाचस्पति का शोध ग्रन्थ प्रस्तुत किया |

## आवश्कताएं एवं अपेक्षाएं

माननीय महोदय, अब मैं विद्यार्थियों व महाविद्यालय की आवश्कताओं को आपके समक्ष रखना चाहती हूँ और उम्मीद करती हूँ कि आप यथा संभव इनको पूरा करने का प्रयास करेंगे :

- महाविद्यालय में खेल सुविधा हेतु बास्केट बाल खेल मैदान की आवशकता है अत; आपसे आग्रह रहेगा कि आप अपने विधाग के माध्यम से इस मैदान के लिए बजट का प्रावधान करने की कृपा करे |

- महाविद्यालय के पुस्तकालय हेतु अतिरिक्त पुस्तकें प्रदान करने की कृपा करें |
- महाविद्यालय के विज्ञान भवन और चाहर दीवारी के निर्माण कार्य की प्रगति हेतु विभाग को इस कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देश दें |

## आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अन्तर्मन की गहराईयों से एक बार फिर मुख्य-अतिथि माननीय श्री ललित कुमार पोसवाल उपमण्डल अधिकारी थुनाग, का इस समारोह में पधारने पर आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बाबजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया और विभिन्न क्षेत्रो में अर्जित उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित हो कर हमें अनुगृहीत किया I मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन, मीडिया वर्ग व अन्य अतिथिगण का भी धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने हमें समय-समय पर अपना पूर्ण सहयोग दिया है I मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों , केन्द्रीय छात्र परिषद, पी० टी० ए० प्रधान व कार्यकारणी सदस्यों, अभिभावकों, आचार्यवृंद व सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया I मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देती हूँ और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ I

"जय हिंद"

**प्रो जया कुमारी**
**प्राचार्या**
**राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)**



# वार्षिक प्रतिवेदन (2023-24)

| प्रतिवेदन निर्माण समिति |
| --- |
| १. प्रो. कुशाल सिंह (सहायक आचार्य हिंदी ) |
| २. श्री विजय कुमार (JOA IT) |
| ३. श्री चितरंजन कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) |




01907-257682
gcseraj.ac.in